दिनांक 27.02.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पी.एम. योजना के आवास आबंटन

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रजत बिल्डर्स शांति नगर कोहका में निर्मित मकानो का 29 फरवरी को लाॅटरी पद्वति से आवास आबंटन किया जाना है। योजना के तहत प्राप्त 421 आवेदनो में से 156 हितग्राही जिन्होने अपने अंशदान की राशि 10 प्रतिशत जमा किये है ऐसे हितग्राहियो को निगम के आवास शाखा द्वारा लाटरी में भाग लेने सूचना प्रेषित किया गया है। ये हितग्राही 29 फरवरी को प्रातः 11 बजे मुख्य कार्यालय सुपेला निगम प्रागंण में आयोजित लाॅटरी में भाग लेकर अपनी किस्मत आजमाएगें।

बता दें कि रजत बिल्डर्स में निर्मित कुल 36 आवासों का लाॅटरी निकालकर 156 लोगो में आबंटन किया जाना है। जिसमे से भूतल के 12 आवास दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए आरक्षित होगा। जिसकी लाॅटरी प्रथम क्रम में निकाला जायेगा , इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय तल के 24 मकानो का आबंटन भी लाॅटरी से किया जायेगा।

भिलाई निगम के अन्य क्षेत्र में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय कक्ष क्रमांक-16 के काउन्टर में आवेदन जमा करने का कार्य भी किया जा रहा है। किराये में निवासरत पात्र हितग्राही अपने स्वयं के मकान के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।